बिहार सरकार
सिविल विमानन विभाग,
हवाई अड्डा, पटना– 800014

TEL. No:- 0612-2225659, 2224423
Fax 0612 2224614
e-mail-cadbihar@bihar.gov.in

पत्रांकः– सि०वि०वि०(स्था०)–01–21/2025– 149 पटना, दिनांक :– 02/02/2026

प्रेषक,

**डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे,**
सरकार के सचिव

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार**
वीरचंद पटेल पथ, पटना।

**विषय– नवगठित ''सिविल विमानन विभाग'' में विभिन्न संवर्ग के 99 नये पदों के सृजन, वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय में पूर्व से सृजित 176 पदों को विभाग में सम्मिलित/हस्तांतरण किये जाने/पूर्व से सृजित 04 पदों के प्रत्यर्पण/कतिपय पदों के पदनाम एवं प्रकृति में परिवर्तन तथा कतिपय पदों के अवक्रमण/उत्क्रमण की स्वीकृति के संबंध में।**

आदेश–**स्वीकृत।**

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–09.12.2025 में लिये गये निर्णय के आलोक में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक–1569, दिनांक–10.12.2025 द्वारा बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 (समय–समय पर यथा संशोधित) में संशोधन करते हुए क्रमांक–48 पर नये **सिविल विमानन विभाग** का गठन किया गया है तथा विमानन से संबंधित सभी कार्य को सिविल विमानन विभाग को आवंटित किया गया है।

**2.** राज्य में सिविल विमानन से संबंधित कार्यों का संपादन पूर्व में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग अंतर्गत सिविल विमानन निदेशालय (सम्प्रति वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय) द्वारा किया जाता था। उक्त अधिसूचना द्वारा सिविल विमानन निदेशालय को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से पृथक करते हुए सिविल विमानन विभाग के रूप में गठित किया गया है। इस प्रकार सिविल विमानन निदेशालय (वर्तमान स्वरूप वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय) के अंतर्गत पूर्व से सृजित 176 पदों के नव–गठित सिविल विमानन विभाग में सम्मिलित/हस्तांतरण/समायोजन किये जाने, पूर्व से सृजित 04 पदों के प्रत्यर्पण, विभागीय संरचना अनुरूप विभाग के सुचारू संचालन हेतु 99 नये पदों के सृजन तथा कतिपय पदों के आमेलन/वेतन उत्क्रमण/अवक्रमण/पदनाम एवं प्रकृति में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**3.** पूर्व के निदेशालयों में सृजित 176 पदों को विभाग स्तर पर सम्मिलित/हस्तांतरित किये जाने तथा **99 नये पदों के सृजन** के फलस्वरूप सिविल विमानन विभाग में स्वीकृत पदों की कुल संख्या (176+99) = 275 हो गयी है।

**4.** जिन 04 (चार) अप्रासंगिक पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति प्रदान की गयी है, इसमें निदेशक, वायुयान संगठन निदेशालय, निदेशक, उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय, प्रशासी पदाधिकारी, वायुयान संगठन निदेशालय एवं प्रशासी पदाधिकारी, उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय के पद सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व से सृजित चीफ ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर (01 पद) के वेतन स्तर–13 से वेतन स्तर–11 में अवक्रमित किया गया है एवं मैकेनिक/टेकनीशियन हेलिकॉप्टर (02 पद) एवं मैकेनिक/टेकनीशियन रेडियो (02 पद) कुल 04 पदों को वेतन स्तर–04 से वेतन स्तर–06 में उत्क्रमित किया गया है।

5. पूर्व के निदेशालय में सृजित जिन तकनीकी पदों का समायोजन विभाग में किया गया है। उन पदों पर भर्ती प्रक्रिया को विनियमित किये जाने हेतु वायुयान संगठन निदेशालय के पदों के लिए "बिहार राज्य वायुयान संगठन संवर्ग भर्ती नियमावली, 2025" एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय के पदों के लिए "बिहार राज्य उड्डयन प्रशिक्षण संवर्ग भर्ती नियमावली, 2025" गठित थी। उक्त संवर्गीय पदों के अतिरिक्त सामान्य प्रशासन विभाग एवं अन्य स्तर के संवर्गीय पद भी दोनों निदेशालयों में सृजित थे।

6. इसके अतिरिक्त कुछ कर्मी पूर्व से ऐसे पदों पर कार्यरत हैं, जिन पदों का प्रत्यर्पण पहले ही किया जा चुका है (जैसे–माली, बेयरा, मशालची, चौकीदार, अवधायक आदि)। यह व्यवस्था की गई थी कि इन पदों पर कार्यरत कर्मियों के सेवानिवृत्त होने के साथ ही पद स्वतः मरणशील/समाप्त हो जाएंगे। इस व्यवस्था को पूर्व की भांति यथावत रखी गयी है।

**7. नयी व्यवस्था अनुसार नवगठित सिविल विमानन विभाग के लिए संस्थागत संरचना एवं पदों की संरचना निम्नवत् निर्धारित की जाती है–**

I. सिविल विमान विभाग में आवंटित कार्यों की प्रकृति के आधार पर विभाग में 02 (दो) विंग गठित किये गये हैं :–

- **प्रशासनिक विंग**
  (प्रशासनिक विंग का संरचना चार्ट **परिशिष्ट–01 संलग्न**)

- **तकनीकी विंग**
  तकनीकी विंग में 02 (दो) इकाई प्रस्तावित है–
  i) वायुयान संगठन इकाई (Aviation Unit)
  ii) उड्डयन प्रशिक्षण इकाई (Flying Training Unit)
  वर्तमान का बिहार उड्डयन संस्थान, उड्डयन प्रशिक्षण इकाई का भाग माना जायेगा।
  (तकनीकी विंग का संरचना चार्ट **परिशिष्ट–02 संलग्न**)

**II. प्रशासनिक विंग में निम्नांकित संवर्ग के पद (कुल–159) सम्मिलित होंगे–**

1. पूर्व के वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय से हस्तांतरित/समायोजित 72 पद (तकनीकी पदों को छोड़कर)।

2. प्रशासनिक विंग के लिए विभिन्न सेवा/संवर्ग के 87 नव सृजित पद–
   (i) भा.प्र.से./बि.प्र.से./बि.स.से. के पद (अवर सचिव से अन्यून स्तर)।
   (ii) विभाग स्तर पर 10 (दस) प्रशाखा का गठन प्रस्तावित है। जिसमें प्रशाखाओं के लिए बि.स.से से प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बि.स.लि.से. से उच्चवर्गीय लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिक के पद।
   (iii) बि.स.आ.से. के प्रधान आप्त सचिव, आप्त सचिव एवं आशुलिपिक के पद।
   (iv) बि.वि.प्र.से. से आंतरिक वित्तीय सलाहकार एवं सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार।
   (v) आई.टी. मैनेजर (संविदा आधारित) के पद।
   (vi) कम्प्यूटर ऑपरेटर (आवश्यकता आधारित बाह्य स्त्रोत से) के पद।
   (vii) कार्यालय परिचारी एवं चालक के पद।

(प्रशासनिक विंग में सृजित पद/पद संख्या/संवर्ग/वेतन स्तर/पद की प्रकृति आदि से संबंधित सूची **परिशिष्ट–03 संलग्न**)

*नोट–सिविल विमानन विभाग में जिन 99 नये पदों का सृजन किया गया है, उसमें प्रशासनिक विंग के 87 पद सम्मिलित हैं।*

III. **तकनीकी विंग में निम्नांकित (कुल 116 पद) सम्मिलित होंगेः–**

1. पूर्व के वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय में पूर्व से सृजित 104 तकनीकी पद हैं।
2. तकनीकी विंग के लिए नव सृजित 12 पद।
3. तकनीकी विंग के सभी पद ''बिहार राज्य विमानन संवर्ग'' एवं इस संवर्ग के उपसंवर्गीय पद माने जाऐंगे। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया को विनियमित किये जाने हेतु अलग से नियमावली का गठन किया जाएगा।

(तकनीकी विंग में सृजित पद/पद संख्या/वेतन स्तर/पद की प्रकृति एवं पदों के संवर्ग/उपसंवर्ग से संबंधित सूची (कतिपय पदों के पदनाम एवं पद की प्रकृति में परिवर्तन से संबंधित अभ्युक्ति सहित) **परिशिष्ट–04 संलग्न**)

*नोट–सिविल विमानन विभाग में जिन 99 नये पदों का सृजन किया गया है, उसमें तकनीकी विंग के 12 पद सम्मिलित हैं।*

**8.** नये पदों के सृजन एवं कतिपय पदों के वेतन उत्क्रमण से अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार रूपये ₹8,77,86,408/– (आठ करोड़ सतहत्तर लाख छियासी हजार चार सौ आठ रूपये) होगा **(गणना परिशिष्ट–5 संलग्न)।**

**9.** पूर्व के सृजित चार (04) अप्रासंगिक पदों के प्रत्यर्पण एवं एक (01) पद के वेतन अवक्रमण से अनुमानित वार्षिक बचत ₹84,25,824/– (चौरासी लाख पच्चीस हजार आठ सौ चौबीस रूपये) होगा। **(गणना परिशिष्ट–6 संलग्न)।**

**10.** विभाग के कर्मियों पर बिहार सरकार द्वारा निर्धारित सेवा शर्त लागू होंगे। साथ ही तकनीकी पदों पर कार्यरत्त कर्मियों को बिहार सरकार एवं नागर विमानन महानिदेशालय (डी०जी०सी०ए०), भारत सरकार के प्रावधानों एवं समय–समय पर निर्गत दिशा–निर्देशों का भी अनुपालन करना होगा।

**11.** विभाग के तकनीकी कर्मियों की अर्हता अथवा पदनाम को डी०जी०सी०ए० के नियमों/प्रावधानों में समय–समय पर परिवर्तन होने पर वित्त विभागीय सहमति से सामान्य कार्यालय आदेश से विभाग द्वारा परिवर्तित किया जा सकेगा।

**12.** विभाग में सृजित पदों पर होने वाले व्यय उसी माँग संख्या, मुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष, उप शीर्ष आदि से किया जायेगा, जिस माँग संख्या, मुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष, उप शीर्ष आदि से इस विभाग एवं कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मचारियों आदि के वेतन का भुगतान किया जाता है।

**13.** सिविल विमानन विभाग के गठन के फलस्वरूप विभाग की सरंचना एवं संलग्न परिशिष्ट के अनुरूप वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय में पूर्व से सृजित 176 पदों के सिविल विमानन विभाग में सम्मिलित/हस्तांतरण/समायोजन, 99 नये पदों के सृजन, 04 पदों के प्रत्यर्पण, कतिपय पदों के आमेलन/वेतन उत्क्रमण/अवक्रमण/पदनाम एवं प्रकृति में परिवर्तन के प्रस्ताव पर प्रशासी पदवर्ग समिति एवं मंत्रिपरिषद् की (दिनांक–29.01.2026 की बैठक में मद संख्या–32 के रूप में) स्वीकृति प्राप्त है।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

**(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)**
सचिव

ज्ञापांक– सि०वि०वि०(स्था०)–01–21/2025–149 पटना, दिनांक– 02/02/2026

प्रतिलिपि–प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांक– सि०वि०वि०(स्था०)–01–21/2025–149 पटना, दिनांक– 02/02/2026

प्रतिलिपि–सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष/सभी आयोग/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/महाधिवक्ता का कार्यालय, उच्च न्यायालय, पटना/प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार/मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/आप्त सचिव, विकास आयुक्त, बिहार/बिपार्ड, गया एवं पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी/सभी संबंधित कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांक– सि०वि०वि०(स्था०)–01–21/2025–149 पटना, दिनांक– 02/02/2024

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् की दिनांक–29.01.2026 की बैठक में मद संख्या–32 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

ज्ञापांक– सि०वि०वि०(स्था०)–01–21/2025–149 पटना, दिनांक– 02/02/2026

प्रतिलिपि–सिविल विमानन विभाग, बिहार, पटना के सभी पदाधिकारी एवं आई०टी० मैनेजर, सिविल विमानन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(डॉ० निलेश रामचंद्र देवरे)
सचिव

## परिशिष्ट–01

# सिविल विमानन विभाग, बिहार सरकार हेतु प्रस्तावित कार्यालय सरंचना।

## प्रशासनिक विंग

**नव–गठित सिविल विमानन विभाग के प्रशासनिक विंग अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के कुल पदों के पदनाम/पद संख्या/वेतन स्तर।**

- अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव (01 पद)
  भा0प्र0से0, वेतन स्तर–17/15/14
- विशेष सचिव, (01 पद)
  भा0प्र0से0 वेतन स्तर–13
- अपर सचिव (01 पद)
  बि0प्र0से0, वेतन स्तर–13ए
- संयुक्त सचिव (01 पद)
  बि0प्र0से0, वेतन स्तर–13
- उप सचिव (कुल 04 पद)
  बि0प्र0से0 वेतन स्तर–11 (01 पद) + बि0स0से0 वेतन स्तर–12 (03 पद)
- अवर सचिव (05 पद)
  बि0स0से0, वेतन स्तर–11

**प्रशाखा 01 से 10 के पद।**

1. प्रशाखा पदाधिकारी (10 पद)
   बि0स0से0, वेतन स्तर–09
2. सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (25 पद)
   बि0स0से0, वेतन स्तर–07
3. उच्चवर्गीय लिपिक (15 पद)
   बि0स0लि0से, वेतन स्तर–04
4. निम्नवर्गीय लिपिक (25 पद)
   बि0स0लि0से0, वेतन स्तर–02

**अन्य पद।**

1. चालक (08 पद)
   वेतन स्तर–02
2. कार्यालय परिचारी (30 पद)
   वेतन स्तर–01
3. आई.टी. मैनेजर (01 पद)
   संविदा आधारित पद
4. कम्प्यूटर ऑपरेटर (पूर्व से सृजित 21 पद)
   बाह्य स्त्रोत से आवश्यकता के आधार पर

**बिहार सचिवालय आशुलिपिक सेवा**

- प्रधान आप्त सचिव (01 पद)
  वेतन स्तर–11
- आप्त सचिव (03 पद)
  वेतन स्तर–09
- आशुलिपिक (05 पद)
  वेतन स्तर–04

**बिहार वित्त प्रशासनिक सेवा**

- आंतरिक वित्तीय सलाहकार (01 पद)
  वेतन स्तर–12
- सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार (01 पद)
  वेतन स्तर–09

# परिशिष्ट–02

## सिविल विमानन विभाग, बिहार सरकार हेतु प्रस्तावित कार्यालय सरंचना।

### तकनीकी विंग

**नव–गठित सिविल विमानन विभाग के तकनीकी विंग अंतर्गत "बिहार राज्य विमानन संवर्ग" के कुल पदों के पदनाम/पद संख्या/पे–लेवल/पद की प्रकृति।**

#### वायुयान संगठन इकाई

**उपसंवर्ग एवं उसके पद**

- **विमान चालक/पायलट उपसंवर्ग।**
  - मुख्य विमान चालक (01 पद) (Pay L-13) R/C/P/O
  - वरीय विमान चालक/पायलट (02 पद) (Pay L-11) R/C/P/O
  - विमान चालक/पायलट (04 पद) (Pay L-09) R/C/O
- **हेलिकॉप्टर चालक/पायलट उपसंवर्ग।**
  - वरीय हेलिकॉप्टर चालक/पायलट (01 पद) (Pay L-11) R/C/P/O
  - हेलिकॉप्टर पायलट (02 पद) (Pay L-09) R/C/O
- **इंजीनियर उपसंवर्ग।**
  - मेन्टेनैंस मैनेजर (अनुरक्षण प्रबंधक) (01) (Pay L-11) R/C/P/O
    - विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) सर्टिफाईग/सपोर्ट स्टाफ वायुयान (02 पद) (Pay L-09) R/C/P/O
      - मैकेनिक/तकनीशियन <u>वायुयान</u> (18 पद) (Pay L-06) <u>R/C/P/O</u>
    - विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) सर्टिफाईग/सपोर्ट स्टाफ हेलिकॉप्टर (02) (Pay L-09) R/C/P/O
      - मैकेनिक/तकनीशियन हेलिकॉप्टर (<u>04</u> पद) <u>(Pay L-06)</u> <u>R/C/P/O</u>
    - विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) सर्टिफाईग/सपोर्ट स्टाफ रेडियो (02) (Pay L-09) R/C/P/O
      - मैकेनिक/तकनीशियन रेडियो (<u>03</u> पद) <u>(Pay L-06)</u> <u>R/C/P/O</u>
    - <u>सहायक मैकेनिक सह टेक्नीकल ऑफिसर (07 पद)</u> <u>(Pay L-04) R/C/O/P</u>
      - <u>क्लीनर सह हेल्पर (22 पद)</u> (Pay L-01) R/C/O
- **भंडारपाल उपसंवर्ग।**
  - मुख्य भंडारपाल (01) (Pay L-06) R/C/P/O
  - सहायक भंडारपाल <u>(03)</u> (Pay L-04) R/C/O
- **अपने–अपने उपसंवर्ग के पृथक पद।**
  1. क्वालिटी मैनेजर (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  2. <u>निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक</u> (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  3. चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर (01 पद) (Pay L-09) <u>R/C/O/D</u>
  4. चीफ ऑफ फ्लाईट सेफ्टी (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  5. सुरक्षा प्रबंधक (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  6. पेन्टर (02 पद) (Pay L-04) R/C/O
  7. फ्लाईट डिस्पैचर (02 पद) (Pay L-04) R/C/O
  8. कन्सलटेन्ट (01 पद) (FIXED PAY -1.5LAC/MONTH) C/O
  9. सिविल इंजीनियर (01 पद) (FIXED PAY -1.5LAC/MONTH) C/O

#### उड्डयन प्रशिक्षण इकाई (बिहार उड्डयन संस्थान)

**उपसंवर्ग एवं उसके पद**

- **उड्डयन प्रशिक्षक उपसंवर्ग।**
  - मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक (01 पद) (Pay L-13) R/C/P/O
  - उप मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक (02 पद) (Pay L-12) R/C/P/O
  - उड्डयन प्रशिक्षक (03 पद) (Pay L-11) R/C/P/O
  - सहायक उड्डयन प्रशिक्षक (04 पद) (Pay L-09) R/C/O
- **ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर उपसंवर्ग।**
  - मुख्य ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर (01 पद) <u>(Pay L-11)</u> R/C/P/O
  - ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर (04 पद) (Pay L-09) R/C/O
- **अपने–अपने उपसंवर्ग के पृथक पद।**
  1. क्वालिटी मैनेजर (01 पद) (Pay L-09) R/C/O/D
  2. <u>निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक (01 पद)</u> <u>(Pay L-09) R/C/O/D</u>
  3. सिंथैटिक फ्लाईट इन्सट्रक्टर (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  4. चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर (01 पद) (Pay L-09) <u>R/C/O/D</u>
  5. चीफ ऑफ फ्लाईट सेफ्टी (01 पद) (Pay L-09) <u>R/C/O/D</u>
  6. सुरक्षा प्रबंधक (01 पद) (Pay L-09) <u>R/C/O/D</u>
  7. मैनेजर ए0टी0सी0 (01 पद) (Pay L-09) R/C/O
  8. लाईब्रेरियन (01 पद) (Pay L-06) R/C/D
  9. उड्डयन लिपिक (02 पद) (Pay L-04) R/C/O/D*
  10. मेडिकल ऑफिसर (01 पद) (Pay L-09) D*
  11. पारा मेडिकल स्टाफ (04 पद) (Pay L-04) D*

NOTE- UNDERLINED FONTS INDICATES THE NEW CHANGES.

<u>ABB. USED FOR NATURE OF POSTS</u>
1. R- REGULAR POST
2. P- PROMOTIONAL POST
3. C- CONTRATUAL POST
4. O- OUTSOURCE POST
5. D- DEPUTATION
6. D*-DEPUTATION FROM BIHAR GOVT. OTHER CADRES.

# परिशिष्ट–03
## सिविल विमानन विभाग अंतर्गत प्रशासनिक विंग के पद।

| क्रम संख्या | पदनाम / संवर्ग / वेतन स्तर | वेतन संरचना। | विभाग के प्रशासनिक विंग हेतु आवश्यक पदों की संख्या। | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | सृजित किये गये नये पदों की संख्या। | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, भा0प्र0से0 | वेतन स्तर–17 / 15 / 14 | 01 | 00 | 01 | |
| 2 | विशेष सचिव, भा0प्र0से0 | वेतन स्तर–13 | 01 | 00 | 01 | |
| 3 | अपर सचिव, बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–13ए | 01 | 00 | 01 | |
| 4 | संयुक्त सचिव, बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–13 | 01 | 00 | 01 | |
| 5 | उप सचिव, बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–11 | 01 | 00 | 01 | |
| | उप सचिव, बि0स0से0 | वेतन स्तर–12 | 03 | 00 | 03 | |
| 6 | आंतरिक वित्तीय सलाहकार, बि0वि0प्र0से0 | वेतन स्तर–12 | 01 | 00 | 01 | |
| 7 | सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार बि0वि0प्र0से0 | वेतन स्तर–09 | 01 | 00 | 01 | |
| 8 | अवर सचिव, बि0स0से0 | वेतन स्तर–11 | 05 | 02 | 03 | |
| 9 | प्रधान आप्त सचिव, बि0स0आ0से0 | वेतन स्तर–11 | 01 | 00 | 01 | |
| 10 | आप्त सचिव, बि0स0आ0से0 | वेतन स्तर–09 | 03 | 00 | 03 | |
| 11 | प्रशाखा पदाधिकारी, बि0स0से0 | वेतन स्तर–09 | 10 | 04 | 06 | |
| 12 | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बि0स0से0 | वेतन स्तर–07 | 25 | 12 | 13 | |
| 13 | आशुलिपिक लिपिक, बि0स0आ0से0 | वेतन स्तर–04 | 05 | 00 | 05 | |
| 14 | उच्चवर्गीय लिपिक, बि0स0लि0से0 | वेतन स्तर–04 | 15 | 05 | 10 | |
| 15 | निम्नवर्गीय लिपिक, बि0स0लि0से0 | वेतन स्तर–02 | 25 | 10 | 15 | |
| 16 | चालक | वेतन स्तर–02 | 08 | 00 | 08 | |
| 17 | कार्यालय परिचारी | वेतन स्तर–01 | 30 | 18 | 12 | पूर्व से सृजित पदों में 18 पदों में 08 पद प्रतिनियुक्ति / बाह्य स्त्रोत की प्रकृति के पद थे। उन सभी पदों की प्रकृति नियमित की गयी है। अर्थात सभी 30 पद नियमित प्रकृति के हो गये हैं। |
| 18 | आई0टी0 मैनेजर | संविदा आधारित पद | 01 | 00 | 01 | |
| 19 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | बाह्य स्त्रोत आधारित पद। | 21 | 21 | आवश्यकता आधारित बाह्य स्त्रोत से | पूर्व से सृजित पदों की प्रकृति नियमित / संविदा / बाह्य स्त्रोत है। उन सभी 21 पदों की प्रकृति बाह्य स्त्रोत आधारित की गयी है। |
| | | **कुल योगः–** | **159** | **72** | **87** | |

Dsrew

# परिशिष्ट–04
## सिविल विमानन विभाग अंतर्गत तकनीकी विंग के पद।

| वायुयान संगठन इकाई (AVIATION UNIT) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | सिविल विमानन विभाग में तकनीकी पदों के लिए निर्धारित "बिहार राज्य विमानन संवर्ग" के उपसंवर्ग। | पदनाम/<br>वेतन स्तर | पद की प्रकृति | विभाग में तकनीकी विंग हेतु आवश्यक पदों की संख्या। | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | सृजित किये गये नये पदों की संख्या। | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विमान चालक/पायलट उपसंवर्ग<br>PILOT SUB-CADRE | मुख्य विमान चालक<br>Chief Aircraft Pilot<br>(वेतन स्तर–13) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 2 | | वरीय विमान चालक/पायलट<br>Senior Aircraft Pilot<br>(वेतन स्तर–11) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 3 | | विमान चालक/पायलट<br>Aircraft Pilot<br>(वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 04 | 04 | 00 | |
| 4 | हेलिकॉप्टर चालक/पायलट उपसंवर्ग<br>HELICOPTER PILOT SUB-CADRE | वरीय हेलिकॉप्टर चालक/पायलट<br>Senior Helicopter Pilot<br>(वेतन स्तर–11) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 5 | | हेलिकॉप्टर पायलट<br>Helicopter Pilot<br>(वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 6 | इंजीनियर उपसंवर्ग<br>ENGINEER SUB-CADRE | मेन्टेनैंस मैनेजर (अनुरक्षण प्रबंधक)<br>Maintenance Manager<br>(वेतन स्तर–11) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 7 | | विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) (सर्टिफाईंग/सपोर्ट स्टाफ) वायुयान<br>Aircraft Maintenance Engineer Certifying/Support Staff (Aeroplane)<br>(वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 8 | | विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) (सर्टिफाईंग/सपोर्ट स्टाफ) हेलिकॉप्टर<br>Aircraft Maintenance Engineer (Certifying/Support Staff) Helicopter<br>(वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 9 | | विमान अनुरक्षण अभियंता (AME) (सर्टिफाईंग/सपोर्ट स्टाफ) रेडियो<br>Aircraft Maintenance Engineer (Certifying/Support Staff) Radio<br>(वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 10 | | मैकेनिक/तकनीशियन वायुयान<br>Mechanic/Technician Aeroplane<br>(वेतन स्तर–06) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 18 | 18 | 00 | पूर्व से सृजित इस पद का पदनाम मैकेनिक/तकनीशियन विमान है। जिसमें अल्प संशोधन करते हुए मैकेनिक/तकनीशियन वायुयान किया गया है। |
| 11 | | मैकेनिक/तकनीशियन हेलिकॉप्टर<br>Mechanic/Technician (Helicopter)<br>(वेतन स्तर–06) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 04 | 02 | 02 | समान कार्य समान वेतन के आधार पर इस पद का वेतन स्तर–04 से उत्क्रमित कर मैकेनिक/तकनीशीयन वायुयान वेतन स्तर–06 के समतुल्य किया गया है। |
| 12 | | मैकेनिक/तकनीशियन रेडियो<br>Mechanic/Technician (Radio)<br>(वेतन स्तर–06) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 03 | 02 | 01 | समान कार्य समान वेतन के आधार पर इस पद का वेतन स्तर–04 से उत्क्रमित कर मैकेनिक/तकनीशीयन वायुयान वेतन स्तर–06 के समतुल्य किया गया है। |
| 13 | | सहायक मैकेनिक सह टेकनीकल ऑफिसर<br>Assistant Mechanic cum Technical officer<br>(वेतन स्तर–04) | नियमित/संविदा/प्रोन्नति/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 07 | 00 | 07 | सहायक मैकेनिक सह टेक्नीकल ऑफिसर के पदनाम से वेतन स्तर–04 का यह नया पद के सृजित किया गया है पूर्व के सिविल विमानन सेवा भर्ती नियमावली 1997 में क्लीनर से मैकेनिक के पद पर प्रोन्नति का प्रावधान था, जिसे बाद में नये नियमावली बिहार राज्य वायुयान संगठन संवर्ग भर्ती नियमावली 2025 में हटा दिया गया था। पुनः इंजीनियर उपसंवर्ग में योग्यता रखने वाले क्लीनर सह हेल्पर से सहायक मैकेनिक सह टेकनीकल ऑफिसर के पद पर प्रोन्नति का प्रावधान किया गया है। विमान/प्रशिक्षु विमान के मैंनटेनेंस कार्य हेतु टेकनीकल ऑफिसर का पद आवश्यक होता है। |
| 14 | | क्लीनर सह हेल्पर<br>Cleaner cum Helper<br>(वेतन स्तर–01) | नियमित/संविदा/वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 22 | 22 | 00 | पूर्व से क्लीनर के 12 एवं हेल्पर के 10 पद अलग–अलग सृजित है, दोनो पदों को आमेलित करते हुए इसे क्लीनर–सह–हेल्पर पदनाम किया गया है। |

| क्रम संख्या | सिविल विमानन विभाग में तकनीकी पदों के लिए निर्धारित "बिहार राज्य विमानन संवर्ग" के उपसंवर्ग। | पदनाम / वेतन स्तर | पद की प्रकृति | विभाग में तकनीकी विंग हेतु आवश्यक पदों की संख्या। | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | सृजित किये गये नये पदों की संख्या। | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 15 | भंडारपाल उपसंवर्ग STORE KEEPER SUB-CADRE | मुख्य भंडारपाल Chief Store Keeper (वेतन स्तर–08) | नियमित / संविदा / प्रोन्नति / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 16 | | सहायक भंडारपाल Assistant Store Keeper (वेतन स्तर–04) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 03 | 02 | 01 | |
| 17 | अपने–अपने उपसंवर्ग के पृथक पद INDIVIDUAL POST OF THEIR OWN SUBCADRE | क्वालिटी मैनेजर Quality Manager (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 18 | | निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक Continuing Airworthiness Manager (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | डी०जी०सी०ए० में यह पद निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक के पदनाम से नामांकित है। इसलिए पूर्व से सृजित निरंतर उड़ान योग्यता प्रबंधक पदनाम में अल्प संशोधन करते हुए इसके स्थान पर निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक किया गया है। |
| 19 | | चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर Chief Security Officer (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत / प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | इस पद की प्रकृति पूर्व में प्रतिनियुक्ति / संविदा थी। जिसे नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत / प्रतिनियुक्ति किया गया है। |
| 20 | | चीफ ऑफ फ्लाईट सेफ्टी Chief of Flight Safety (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 21 | | सुरक्षा प्रबंधक Safety Manager (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 22 | | पेन्टर Painter (वेतन स्तर–04) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 23 | | फ्लाईट डिस्पैचर Flight Dispatcher (वेतन स्तर–04) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 24 | | कन्सलटेन्ट Consultant (निर्धारित मानदेय–1.5 लाख / प्रतिमाह) | संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | यह पूर्व से सृजित संविदा आधारित पद है। जिसका मानदेय पारिश्रमिक निर्धारण समिति द्वारा 1.5 लाख / प्रतिमाह निर्धारित है। |
| 25 | | सिविल इंजीनियर Civil Engineer (निर्धारित मानदेय–1.5 लाख / प्रतिमाह) | संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | यह पूर्व से सृजित संविदा आधारित पद है। जिसका मानदेय पारिश्रमिक निर्धारण समिति द्वारा 1.5 लाख / प्रतिमाह निर्धारित है। |

## उड्डयन प्रशिक्षण इकाई (बिहार उड्डयन संस्थान) FLYING TRAINING UNIT (BIHAR FLYING INSTITUTE)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | उड्डयन प्रशिक्षक / फ्लाईट इन्सट्रक्टर उपसंवर्ग FLIGHT INSTRUCTOR SUB-CADRE | मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक Chief Flight Instructor (CFI) (वेतन स्तर–13) | नियमित / संविदा / प्रोन्नति / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 27 | | उप मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक Deputy. Chief Flight Instructor (Dy. CFI) (वेतन स्तर–12) | नियमित / संविदा / प्रोन्नति / वाह्य स्त्रोत(स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 28 | | उड्डयन प्रशिक्षक Flight Instructor/Pilot Instructor (FI/PI) (वेतन स्तर–11) | नियमित / संविदा / प्रोन्नति / वाह्य स्त्रोत(स्थाई पद) | 03 | 03 | 00 | |
| 29 | | सहायक उड्डयन प्रशिक्षक Assistant Flight Instructor/Assistant Pilot Instructor (AFI/API) (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 04 | 04 | 00 | |
| 30 | ग्राउण्ड प्रशिक्षक / ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर उपसंवर्ग GROUND INSTRUCTOR SUB-CADRE | चीफ ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर Chief Ground Instructor (CGI) (वेतन स्तर–11) | नियमित / संविदा / प्रोन्नति / वाह्य स्त्रोत(स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | इस उपसंवर्ग के मूल कोटि का पद ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर वेतन स्तर–09 का है। इसलिए पदोन्नति के प्रथम सोपान का पद में वेतन स्तर–13 से अवक्रमित कर वेतन स्तर–11 किया गया है। |
| 31 | | ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर Ground Instructor (GI) (वेतन स्तर–09) | नियमित / संविदा / वाह्य स्त्रोत (स्थाई पद) | 04 | 04 | 00 | |

| क्रम संख्या | सिविल विमानन विभाग में तकनीकी पदों के लिए निर्धारित "बिहार राज्य विमानन संवर्ग" के उपसंवर्ग। | पदनाम/ वेतन स्तर | पद की प्रकृति | विभाग में तकनीकी विंग हेतु आवश्यक पदों की संख्या। | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | सृजित किये गये नये पदों की संख्या। | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 32 | अपने–अपने उपसंवर्ग के पृथक पद INDIVIDUAL POST OF THEIR OWN SUBCADRE | क्वालिटी मैनेजर Quality Manager (QM) (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाह्य स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 33 | | निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक Continuing Airworthiness Manager (CAM) (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाह्य स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 00 | 01 | डी0जी0सी0ए0 प्रावधान अनुसार बिहार उड्डयन संस्थान के लिए अलग से इस पद की आवश्यकता होने के आधार पर यह पद सृजित किया गया है। |
| 34 | | सिन्थेटिक फ्लाईट इन्सट्रक्टर Synthetic Flight Instructor (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 35 | | चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर Chief Security Officer (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | डी0जी0सी0ए0 प्रावधान अनुसार बिहार उड्डयन संस्थान के लिए अलग से इस पद की आवश्यकता होने के आधार पर यह पद सृजित किया गया है। इस पद की प्रकृति पूर्व में प्रतिनियुक्ति थी। जिसे नियमित/संविदा/बाह्य स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति किया गया है। |
| 36 | | चीफ ऑफ फ्लाईट सेफ्टी Chief of Flight Safety (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | इस पद की प्रकृति पूर्व में प्रतिनियुक्ति थी। जिसे नियमित/संविदा/बाहय स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति किया गया है। |
| 37 | | सुरक्षा प्रबंधक Safety Manager (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | डी0जी0सी0ए0 प्रावधान अनुसार बिहार उड्डयन संस्थान के लिए अलग से इस पद की आवश्यकता है। इस पद की प्रकृति पूर्व में प्रतिनियुक्ति/अतिरिक्त प्रभार थी। जिसे नियमित/संविदा/बाह्य स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति किया गया है। |
| 38 | | मैनेजर ए0टी0सी0 Manager ATC (वेतन स्तर–09) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 39 | | लाईब्रेरियन Librarian (वेतन स्तर–06) | नियमित/प्रतिनियुक्ति/संविदा (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 40 | | उड्डयन लिपिक Flight Clerk (वेतन स्तर–04) | नियमित/संविदा/वाहय स्त्रोत अथवा सचिवालय लिपिकिये सेवा के कर्मी प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन। (स्थाई पद) | 02 | 02 | 00 | |
| 41 | | मेडिकल ऑफिसर Medical Officer (वेतन स्तर–09) | स्वास्थ्य विभाग से प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 01 | 01 | 00 | |
| 42 | | पारा मेडिकल स्टाफ Para Medical Staff (वेतन स्तर–04) | स्वास्थ्य विभाग से प्रतिनियुक्ति (स्थाई पद) | 04 | 04 | 00 | |
| | | | TOTAL | **116** | **104** | **12** | |

*नोटः– विभाग को आवंटित कार्य विमानन क्षेत्र से संबंधित है। पूर्व से जो पद सृजित हैं, उसमें अधिकांशतः पद तकनीकी पद हैं। विमानन क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा एवं इस क्षेत्र की गतिशील प्रकृति के कारण ऐसी व्यवस्था की गयी है, कि एक पद पर विभिन्न तरीके से नियोजन हो सके। इसलिए यहाँ के तकनीकी पदों को नियमित रखते हुए, यह भी व्यवस्था है कि पद पर नियोजन संविदा/बाह्य स्त्रोत/प्रतिनियुक्ति किसी भी माध्यम से की जा सके, इसलिए पद की प्रकृति– नियमित/संविदा/बाहय स्त्रोत/पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति के प्रकार की है। यह इसलिए भी आवश्यक हो जाता है, क्योंकि नागर विमानन महानिदेशालय, भारत सरकार से विभाग अंतर्गत संचालित बिहार उड्डयन संस्थान एवं वायुयान संगठन को विभिन्न प्रकार की मान्यता प्राप्त करनी होती है, ऐसे में आवश्यक पदों पर कर्मियों का निरंतर पदस्थापित रहना अनिवार्य हो जाता है, ऐसा नहीं रहने पर मान्यता प्रभावित हो सकती है।*

# परिशिष्ट–05

**सिविल विमानन विभाग के प्रशासनिक एवं तकनीकी विंग में सृजित 99 नये पदों के सृजन से अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार।**

| क्रम संख्या | पदनाम / संवर्ग | वेतन स्तर | नव सृजित पदों की संख्या। | प्रारंभिक वेतन | मंहगाई भत्ता @58% | मकान किराया भत्ता @20% | परिवहन भत्ता | चिकित्सा भत्ता | कुल मासिक व्यय प्रतिपद | कुल अनुमानित वार्षिक व्यय भार रूपये में। (स्तंभ–10 X स्तंभ–4) x 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, भा0प्र0से0 | वेतन स्तर–17 | 01 | 225000 | 130500 | 45000 | 6320 | 1000 | 407820 | 4893840 |
| 2 | विशेष सचिव, भा0प्र0से0 | वेतन स्तर–13 | 01 | 123100 | 71398 | 24620 | 6320 | 1000 | 226438 | 2717256 |
| 3 | अपर सचिव, बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–13ए | 01 | 131100 | 76038 | 26220 | 6320 | 1000 | 240678 | 2888136 |
| 4 | संयुक्त सचिव बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–13 | 01 | 123100 | 71398 | 24620 | 6320 | 1000 | 226438 | 2717256 |
| 5 | उप सचिव, बि0प्र0से0 | वेतन स्तर–11 | 01 | 67700 | 39266 | 13540 | 6320 | 1000 | 127826 | 1533912 |
|  | उप सचिव, बि0स0से0 | वेतन स्तर–12 | 03 | 78800 | 45704 | 15760 | 6320 | 1000 | 147584 | 5313024 |
| 6 | आंतरिक वित्तीय सलाहकार बि0वि0प्र0से0 | वेतन स्तर–12 | 01 | 78800 | 45704 | 15760 | 6320 | 1000 | 147584 | 1771008 |
| 7 | सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार, बि0वि0प्र0से0 | वेतन स्तर–09 | 01 | 53100 | 30798 | 10620 | 4740 | 1000 | 100258 | 1203096 |
| 8 | अवर सचिव, बि0स0से0 | वेतन स्तर–11 | 03 | 67700 | 39266 | 13540 | 6320 | 1000 | 127826 | 4601736 |
| 9 | प्रधान आप्त सचिव, बि0स0आ0से0 | वेतन स्तर–11 | 01 | 67700 | 39266 | 13540 | 6320 | 1000 | 127826 | 1533912 |
| 10 | आप्त सचिव, बि0स0आ0से0 | वेतन स्तर–09 | 03 | 53100 | 30798 | 10620 | 4740 | 1000 | 100258 | 3609288 |
| 11 | प्रशाखा पदाधिकारी, बि0स0से0 | वेतन स्तर–09 | 06 | 53100 | 30798 | 10620 | 4740 | 1000 | 100258 | 7218576 |
| 12 | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बि0स0से0 | वेतन स्तर–07 | 13 | 44900 | 26042 | 8980 | 4740 | 1000 | 85662 | 13363272 |
| 13 | आशुलिपिक लिपिक, बि0स0लि0से0 | वेतन स्तर–04 | 05 | 25500 | 14790 | 5100 | 2370 | 1000 | 48760 | 2925600 |
| 14 | उच्चवर्गीय लिपिक,बि0स0लि0से0 | वेतन स्तर–04 | 10 | 25500 | 14790 | 5100 | 2370 | 1000 | 48760 | 5851200 |
| 15 | निम्नवर्गीय लिपिक, बि0स0लि0से0 | वेतन स्तर–02 | 15 | 19900 | 11542 | 3980 | 2370 | 1000 | 38792 | 6982560 |
| 16 | कार्यालय परिचारी | वेतन स्तर–01 | 12 | 18000 | 10440 | 3600 | 2370 | 1000 | 35410 | 5099040 |
| 17 | चालक | वेतन स्तर–02 | 08 | 19900 | 11542 | 3980 | 2370 | 1000 | 38792 | 3724032 |
| 18 | आई0टी0 मैनेजर | संविदा आधारित पद अनुमानित वेतन सीमा–55000–65000 | 01 | 60000 | 00 | 00 | 00 | 00 | 60000 | 720000 |
| 19 | मैकेनिक / तकनीशियन, हेलिकॉप्टर Mechanic/Technician Helicopter | वेतन स्तर–06 | 02 | 35400 | 20532 | 7080 | 2370 | 1000 | 66382 | 1593168 |
| 20 | मैकेनिक / तकनीशियन रेडियो Mechanic/Technician Radio | वेतन स्तर–06 | 01 | 35400 | 20532 | 7080 | 2370 | 1000 | 66382 | 796584 |
| 21 | सहायक मैकेनिक सह टेकनीकल ऑफिसर Assistant Mechanic cum Technical officer | वेतन स्तर–04 | 07 | 25500 | 14790 | 5100 | 2370 | 1000 | 48760 | 4095840 |
| 22 | सहायक भंडारपाल Assistant Store Keeper | वेतन स्तर–04 | 01 | 25500 | 14790 | 5100 | 2370 | 1000 | 48760 | 585120 |
| 23 | निरंतर उड़न योग्यता प्रबंधक Continuing Airworthiness Manager (CAM) | वेतन स्तर–09 | 01 | 53100 | 30798 | 10620 | 4740 | 1000 | 100258 | 1203096 |
|  | **TOTAL** |  | 99 | 1510900 | 841522 | 290180 | 101910 | 23000 | 2767512 | 86940552 |

**आठ करोड़ उनहत्तर लाख चालीस हजार पाँच सौ बाबन रूपये मात्र।**

P.T.O

**सिविल विमानन विभाग पूर्व के सिविल विमानन निदेशालय (सम्प्रति वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय) अंतर्गत पूर्व से सृजित कतिपय पदों के उत्क्रमण के फलस्वरूप होने वाले अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार विवरणी–**

## उत्क्रमित पद

| क्रम संख्या | पदनाम / संवर्ग | उत्क्रमित पदों की संख्या की संख्या। | प्रारंभिक वेतन X पद की संख्या | मंहगाई भत्ता @58% | मकान किराया भत्ता @20% | परिवहन भत्ता | चिकित्सा भत्ता | कुल मासिक व्यय भार | कुल वार्षिक व्यय भार (रूपये में)। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| 1 | मैकेनिक / तकनीशियन (हेलिकॉप्टर)<br>Mechanic/Technician (Helicopter)<br>वेतन स्तर–04 से वेतन स्तर–06 में उत्क्रमण | 02 | 70800 | 41064 | 14160 | 4740 | 2000 | 132764 | 1593168 |
| | | | 51000 | 29580 | 10200 | 4740 | 2000 | 97520 | 1170240 |
| | | अंतर की राशि | 19800 | 11484 | 3960 | 00 | 00 | 35244 | **422928** |
| 2 | मैकेनिक / तकनीशियन (रेडियो)<br>Mechanic/Technician (Radio)<br>वेतन स्तर–04 से वेतन स्तर–06 में उत्क्रमण | 02 | 70800 | 41064 | 14160 | 4740 | 2000 | 132764 | 1593168 |
| | | | 51000 | 29580 | 10200 | 4740 | 2000 | 97520 | 1170240 |
| | | अंतर की राशि | 19800 | 11484 | 3960 | 00 | 00 | 35244 | **422928** |

**उक्त पदों के उत्क्रमण से कुल वार्षिक व्यय भार (₹422928 / – +₹422928 / –)= ₹ 8,45,856/-**

**आठ लाख पैंतालीस हजार आठ सौ छपपन रूपये मात्र।**

**इस प्रकार सिविल विमानन विभाग में नये पदों के सृजन / पदों के उत्क्रमण से होने वाला अनुमानित कुल अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार (₹8,69,40,552 / – +₹845856 / –)=₹8,77,86,408 / – (आठ करोड़ सतहत्तर लाख छियासी हजार चार सौ आठ रूपये) होगा।**

# परिशिष्ट–06

**सिविल विमानन विभाग के गठन के फलस्वरूप पूर्व के सिविल विमानन निदेशालय (सम्प्रति वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय) से प्रत्यर्पित किये गये पद एवं बचत विवरणी।**

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतन स्तर | पद की प्रकृति | पूर्व से सृजित कुल पदों की संख्या | प्रत्यर्पित पदों की संख्या। | अनुमानित वार्षिक बचत (रूपये में)। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | निदेशक, वायुयान संगठन निदेशालय | वेतन स्तर–13 | नियमित (स्थाई पद) | 01 | 01 | प्रारंभिक वेतन –123100<br>मह.भ. (58%) –71398<br>म. कि. भत्ता (20%) –24620<br>परिवहन भत्ता– 6320<br>चिकित्सा भत्ता–1000<br>कुल मासिक बचत–2,26,438/–<br>**कुल वार्षिक बचत–27,17,2566/–** |
| 2 | निदेशक, उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय | वेतन स्तर–13 | नियमित (स्थाई पद) | 01 | 01 | **कुल वार्षिक बचत–27,17,2566/–** |
| 3 | प्रशासी पदाधिकारी, वायुयान संगठन निदेशालय | वेतन स्तर–09 | नियमित (स्थाई पद) | 01 | 01 | प्रारंभिक वेतन –53100<br>मह.भ. (58%) –30798<br>म. कि. भत्ता (20%)–10620<br>परिवहन भत्ता– 4740<br>चिकित्सा भत्ता–1000<br>कुल मासिक बचत–1,00,258/–<br>**कुल वार्षिक बचत–12,03,096/–** |
| 4 | प्रशासी पदाधिकारी, उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय | वेतन स्तर–09 | नियमित (स्थाई पद) | 01 | 01 | **कुल वार्षिक बचत–12,03,096/–** |
| **कुल प्रत्यर्पित पद की संख्या/कुल अनुमानित वार्षिक बचतः–** | | | | **4** | **04** | **₹ 78,40,704/-**<br>**अठहत्तर लाख चालीस हजार सात सौ चार रूपये ।** |

**सिविल विमानन विभाग पूर्व के सिविल विमानन निदेशालय (सम्प्रति वायुयान संगठन निदेशालय एवं उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय) अंतर्गत पूर्व से सृजित निम्नांकित पद के वेतन अवक्रमण के फलस्वरूप होने वाले अनुमानित वार्षिक बचत विवरणी–**

| **अवक्रमित पद** | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | पदनाम/संवर्ग | अवक्रमित पदों की संख्या की संख्या। | प्रारंभिक वेतन | मंहगाई भत्ता | मकान किराया भत्ता | परिवहन भत्ता | | कुल मासिक व्यय प्रतिपद | कुल वार्षिक व्यय भार (रूपये में)। |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 9 | चीफ ग्राउण्ड इन्सट्रक्टर<br>Chief Ground Instructor (CGI)<br>वेतन स्तर–13 से वेतन स्तर–11 में अवक्रमित | 01 | 123100 | 71398 | 24620 | 6320 | 1000 | 226438 | 2717256 |
| | | 01 | 67700 | 39266 | 13540 | 6320 | 1000 | 127826 | 1533912 |
| अंतर की राशि | | | 25500 | 14790 | 5100 | 2370 | 1000 | 48760 | **585120** |
| **उक्त पद के अवक्रमण से कुल वार्षिक बचत =** | | | | | | | | | **₹5,85,120/-** |
| **पाँच लाख पच्चासी हजार एक सौ बीस रूपये मात्र।** | | | | | | | | | |

**इस प्रकार सिविल विमानन विभाग में उक्त पदों के प्रत्यर्पण/उक्त पद के अवक्रमण के फलस्वरूप अनुमानित कुल वार्षिक बचत (₹78,40,704/– + ₹5,85,120/–) = ₹84,25,824/– (चौरासी लाख पच्चीस हजार आठ सौ चौबीस रूपये) होगा।**